# शहरों को स्कूल और बायो पार्क की सौगात

■ शैलेंद्र श्रीवास्तव

## 35 लाख करोड़ रुपये के प्रस्ताव ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट में आए

■ आवास विभाग को मिले प्रस्तावों को प्राधिकरणों को परीक्षण के लिए भेजा

लखनऊ। ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी यूपी के शहरों के लिए कई सौगात लेकर आने जा रहा है। शहरों में स्कूल, कॉलेज के साथ ही हाउसिंग सोसायटियां और बायो पार्क तक की स्थापना की जाएगी। आवास विभाग को अब तक ऐसे 59 प्रस्ताव मिल चुके हैं। इन प्रस्तावों को विकास प्राधिकरणों को परीक्षण के लिए भेजा गया है। उनसे कहा गया है कि यह परीक्षण कर लिया जाए कि मानक के अनुरूप इनके नक्शे पास हो सकते हैं या नहीं। विकास प्राधिकरणों से हरी झंडी मिलने के बाद प्रोजेक्ट को आगे बढ़ाने की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी।

विकास प्राधिकरणों को भेजे गए पत्र में कहा गया है कि ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट-2023 में निवेशकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। उन्होंने अपने प्रस्तावों को विभागों को समक्ष प्रस्तुत करते हुए करार किया है। अब इनको धरातल पर उतारने की तैयारियां शुरू हुई हैं। आवास विभाग ने विकास प्राधिकरणों को प्रोजेक्ट की सूची भेजते हुए कहा है कि अपर मुख्य अधिशासी अधिकारी इंवेस्ट यूपी ने बताया है कि निवेश सारथी पोर्टल पर 59 एमओयू उद्यमी मित्र द्वारा तैयार किया गया है। शासन में इसको लेकर बैठक हुई। इसमें उद्यमी मित्र द्वारा तैयार एमओयू पर चर्चा की गई। इनको ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के लिए तैयार करने का निर्देश दिया गया है। इसीलिए विकास प्राधिकरणों को भेजी जा रही सूची के आधार पर यह स्थिति स्पष्ट कर ली जाए कि नक्शा पास करने योग्य है या नहीं। इसके संबंध में जल्द ही पोर्टल के माध्यम से जरूरी कार्यवाही करने की प्रक्रिया शुरू कर दी जाए। जिनके नक्शे पास करने योग्य नहीं है उनके इंवेस्टर्स से विचार-विमर्श कर जरूरी आख्या आवास बंधु को उपलब्ध कराते हुए निवेश मित्र को भी जनकारी दी जाए।

## हाउसिंग सोसायटियों के सर्वाधिक प्रस्ताव

विकास प्राधिकरणों को भेजे गए प्रस्ताव में सर्वाधिक हाउसिंग सोसयटियों के हैं। इसमें आवासीय के साथ ही व्यवसायिक सुविधाएं मुहैया कराने की जानकारी दी गई है। इसके साथ ही स्कूल, कॉलेज और बायो डीजल मेन्यू फैक्चरिंग यूनिट की स्थापना का प्रस्ताव है। अयोध्या में निजी क्षेत्रों के माध्यम से हाउसिंग सोसायटियां विकसित करने के साथ ही होटल और मॉल का प्रस्ताव है।